## रामलीला मैदान में एकजुट हुआ गठबंधन

# देश के अंदर भाजपा की तानाशाही नहीं चलने देंगे, लड़ेंगे और जीतेंगे : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश के अंदर भाजपा की तानाशाही नहीं चलने देंगे। हम सभी एकजुट होकर मोदी सरकार के खिलाफ लड़ेंगे और जीतेंगे। उन्होंने दिल्लीवालों से कहा कि आपके केजरीवाल शेर हैं। वो देश के करोड़ों लोगों के दिल में बसते हैं। ये लोग ज्यादा दिन तक उनको जेल में नहीं रख पाएंगे। दिल्ली के रामलीला मैदान से सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने 140 करोड़ भारतवासियों से मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान करते हुए उक्त संबोधन दिया। इस दौरान रामलीला मैदान में आए समर्थकों ने सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े होने का भरोसा दिया और कहा कि अरविंद केजरीवाल को जेल में डालकर मोदी सरकार ने अच्छा नहीं किया। केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए।



### केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए

रामलीला मैदान में आयोजित इंडिया की महारैली में सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने जनता से पूछा कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने मेरे पति को जेल में डाल दिया, क्या प्रधानमंत्री ने सही किया? क्या आप सब मानते हैं कि केजरीवाल एक सच्चे देशभक्त और ईमानदार इंसान हैं। ये भाजपा वाले कह रहे हैं कि केजरीवाल जेल में हैं। इन्हें इस्तीफा देना चाहिए, क्या केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए? इस पर पूरा रामलीला मैदान से एक ही आवाज आई कि केजरीवाल को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। जनता का समर्थन मिलने से उत्साहित सुनीता केजरीवाल ने आगे कहा कि इन्होंने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। यहां पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने कहा कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। इनको यह लगता है कि ये डंडे से देश चला लेंगे तो यह देश किसी के बाप की जागीर नहीं है। यह 140 करोड़ लोगों का देश है। हम इनसे डरने-झुकने और टूटने वाले नहीं हैं। यह आजादी हमें शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, मदन लाल ढींगरा, करतार सिंह सराभा, चंद्रशेखर जैसे हजारों युवाओं ने अपनी जवानी में गले में फांसी के रस्से लटका कर दी है। ये किसी को भी जेल में डाल दे रहे हैं। स्कूल-अस्पताल बनाने वाले को अंदर कर दे रहे हैं। कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए। क्या ये ऐसे लोकसभा चुनाव जीत लेंगे? ये लोग अपने आप को समझ क्या रहे हैं। इन्होंने फर्जी केस करके दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को अंदर कर दिया। किसी के घर ईडी भेज दे रहे हैं। किसी घर छीन ले रहे हैं। क्या ये लोग इन घरों के मालिक हैं। इन घर की मालिक देश की 140 करोड़ जनता है। किसी को कोई पता नहीं कि जनता को किसे सत्ता तक पहुंचाना है। ये लोग गलतफहमी में हैं।

### 'ज्यादा दिन तक केजरीवाल को जेल में नहीं रख पाएंगे'

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि आपके केजरीवाल शेर हैं, ये लोग ज्यादा दिन तक उनको जेल में नहीं रख पाएंगे। केजरीवाल देश के करोड़ों लोगों के दिल में बसते हैं। जिस बहादुरी और साहस के साथ केजरीवाल देश के लिए लड़ रहे हैं। यह देखकर कई बार मुझे लगता है कि आजादी की लड़ाई में वो एक स्वतंत्रता सेनानी थे, जो देश के लिए लड़ते - लड़ते शहीद हो गए। भगवान ने इस जन्म में भी केजरीवाल को शायद भारत मां के लिए संघर्ष करने को भेजा है। सुनीता केजरीवाल ने मंच से कहा कि मेरे पति को दिल्ली और देश की जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है। यह आशीर्वाद बनाए रखना। भारत में यह तानाशाही नहीं चलेगी। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में आप सभी हमारे साथ हैं।




### देश को टुकड़े-टुकड़े करना चाहते है भाजपा वाले : भगवंत मान

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि भाजपा वाले देश को टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हैं, देश को नफरत की आंधी में झोंकना चाहते हैं। भाजपा वाले हर बात पर झूठ और जुमला बोल रहे हैं, लेकिन इस बार इनके झूठ और जुमले पर यकीन मत करना। ये लोग अरविंद केजरीवाल को तो गिरफ्तार कर लेंगे, लेकिन उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करेंगे। सोनिया गांधी, सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन ने बहुत दुख झेले हैं, मैं इनके संघर्ष के लिए इन्हें नमन करता हूं। इनको लगता है कि डंडे से देश चला लेंगे तो यह देश किसी के बाप की जागीर नहीं है, हम डरने, झुकने और टूटने वाले नहीं।

## दिल्ली में अपने पहले शो में छाप छोड़ने में विफल रहा गठबंधन : सचदेवा

**नई दिल्ली।** आई.एन.डी.आई. गठबंधन दिल्ली में अपने पहले शो में छाप छोड़ने में विफल रहा क्योंकि दिल्लीवासियों ने दो मुख्य साझेदारों आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के रैली आह्वान को खारिज कर दिया। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को आई.एन.डी.आई. रैली की विफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि यह एकजुटता विहीन बिखरी हुई रैली थी जिसमें लगभग कुछ हजार की भीड़ की उपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें से अधिकांश पंजाब एवं हरियाणा से लाये गये। दिल्ली कांग्रेस और आप दोनों के नेता, जो पिछले एक हफ्ते से मीडिया ब्रीफिंग में रैली को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, दिल्ली की जनता को तो छोड़िए, अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी जोश नहीं भर सके। आप और कांग्रेस के बीच मतभेद स्पष्ट था क्योंकि मीडिया वीडियो में दिखाया गया कि कांग्रेस ने आप नेताओं द्वारा मंच के माइक के पास लगाई गई अरविंद केजरीवाल की तस्वीर को हटवा दिया।



### आप के 61 विधायक रैली के लिए 6100 लोग भी जुटाने में रहे असफल

सचदेवा ने कहा कि रैली से पहले यह सर्वविदित था कि कांग्रेस का दिल्ली में कोई जमीनी आधार नहीं है, लेकिन रैली से पता चला है कि आप नेतृत्व का भी दिल्लीवासियों से जुड़ाव खत्म हो गया है। रामलीला मैदान रैली एक फ्लॉप शो रही, जिसमें आप के 61 विधायक रैली के लिए 6100 लोग भी जुटाने में असफल रहे। सचदेवा ने कहा कि आज की रैली की विफलता ने दिल्ली में आप के अंत की शुरुआत कर दी है।

### प्रदेश कार्यालय से जुलूस के साथ रामलीला मैदान पहुंचे लवली

नई दिल्ली। इंडी गठबंधन की रैली में शामिल होने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली प्रदेश कार्यालय राजीव भवन से समर्थकों सहित जुलूस के साथ रामलीला मैदान पहुंचे। इस दौरान लवली के साथ कई पूर्व विधायक, पूर्व व वर्तमान पार्षदों सहित अनेक छोटे बड़े ना मौजूद थे। रैली की समाप्ती के बाद लवली ने कहा कि गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ रैली कामयाब रही। जबकि इससे पहले रैली में शामिल होने के लिए जाते हुए उन्होंने कहा कि यह रैली लोकतंत्र को बचाने के लिए आयोजित की जा रही है। यह ऐतिहासिक रैली केंद्र सरकार से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने वाली साबित होने जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व भाजपा लोकसभा चुनावों में विपक्षी दलों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कई हथकंडे अपना रहे हैं। विपक्षी दलों को चुनाव से रोकने के लिए ईडी से लेकर अन्य सरकारी संस्थाओं का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। वहीं रैली की समाप्ती के बाद बोलते हुए लवली ने दावा किया कि आज की बेहद कामयाब रैली देखकर भाजपा घबरा गई है। भाजपा को पता चल गया कि अब पूरे देश से उनका सफाया होने जा रहा है। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने केंद्र सरकार की सच्चाई को उजागर करके रख दिया है। उन्होंने कहा कि रैली में दिल्ली के हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने बताया दिया कि अब समय बदलाव का है। आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा को अपनी हार की उल्टी गिनती आज से ही शुरू कर देनी चाहिए।



## अगर हम चुप रह गए तो आने वाली पीढ़ियां हमसे जवाब मांगेंगी : राय

**नई दिल्ली।** महारैली में स्वागत भाषण देते हुए 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि हम सबने देखा कि किस तरह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया। केंद्र की तानाशाह सरकार और प्रधानमंत्री ईडी-सीबीआई के दम पर देश के संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। उनका मकसद है कि हर हाल में विपक्ष को खत्म करना है। उन्हांने कहा कि रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के शंखनाद को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी को भागकर मेरठ जाना पड़ गया है। आज कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और असम से लेकर गुजरात तक देश के कोने-कोने से लोग आकर रामलीला मैदान में शंखनाद कर रहे है। राय ने कहा कि एनडीए का विकल्प 'इंडिया' मुकाबला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल को जिस साउथ लॉबी के सरथ रेड्डी के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उसी सरथ रेड्डी से भाजपा ने 60 करोड़ रुपए लिए हैं। प्रधानमंत्री को 60 करोड़ रुपए का हिसाब देना होगा।



## केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जनता में भारी आक्रोश : आतिशी

**नई दिल्ली।** आप की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि हम सभी सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में यहां इकट्ठा हुए हैं।

आज दिल्ली की जनता में रोष हैं। वो देख रही है कि उनके भाई और उनके बेटे अरविंद केजरीवाल पर हमला किया जा रहा है। क्योंकि सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों की जिंदगी बदल दी। उन्होंने इनके बच्चों के लिए फ्री शिक्षा, परिवार के लिए फ्री इलाज, बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थ यात्रा की सुविधा दी। इसलिए दिल्लीवाले भारी संख्या में रामलीला मैदान में अपना आक्रोश दिखाने आए। आज अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार हैं, फिर भी दिल्ली के लिए चिंतित हैं और उनके लिए संदेश भेज रहे हैं।

### आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

नई दिल्ली। करावल नगर के सादतपुर वार्ड में आम आदमी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता और मोहल्ला सुधार समिति के अध्यक्ष पारस झा सहित उनके दर्जनों साथी रविवार को सांसद मनोज तिवारी, विधायक, पार्षद आदि पदाधिकारियों की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक मोहन सिंह बिष्ट, निगम पार्षद नीता बिष्ट, जिला महामंत्री राजकुमार झा, भाजपा नेता आनंद त्रिवेदी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश गोयल, पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल झा, मंडल अध्यक्ष कालीचरण शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक गौर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने करावल नगर के विकास में रुकावट डालने के लिए हर तरकीब की और यहां के लोगों का जीवन बद से बदतर बनाने की कोशिश की जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक सिपाही के रूप में हमने उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोगों के स्तर को उठाने के लिए दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे, मेट्रो फेज 4 केंद्रीय विद्यालय खजूरी खास जैसी सुविधाएं धरातल पर लाए।

### पंजाब के नेताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, पंजाब सांसद सुशील रिंकू एवं विधायक शीतल अंगुराल की उपस्थिति में रविवार को पंजाब के आम आदमी पार्टी, कांग्रेस एवं अकाली दल के निगम पार्षदों एवं पदाधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा में शामिल होने वालों में कमलजीत सिंह भाटिया, डॉक्टर सुनिता, विरेश मिन्टू, राधिका पाठक, हरजिंदर सिंह लाडा, विपन चड्ढा, चन्दरजीत कौर सांढा, बलविंदर सिंह बिरा, बबिता वर्मा, मनजित सिंह टिट्टू, कविता सेठ, सोरब सेठ, नवीन सोनी, जसवंत सिंह जस्सा, सुनील मोंटू, राजेश अग्निहोत्री पोला, जीवन ज्योति टंडन ने अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सचदेवा ने सभी का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के निगम पार्षदों की पंजाब में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की होड़ लगी है, उसी प्रकार आने वाले समय में दिल्ली के अंदर भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों की होड़ लगने वाली है।

## अवैध यूनिपोल और पार्किंग व्यवस्था पर ध्यान दे एमसीडी महापौर : संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की लापरवाह कार्यशैली के चलते दिल्ली में अवैध यूनिपोल, विज्ञापन होर्डिंग और पार्किंग की अव्यवस्था व्याप्त है। इस तरफ दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय और निगम प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। दिल्ली पंचायत संघ ने महापौर डॉ. ओबरॉय द्वारा गत दिनों जारी किए 403 अधिकृत पार्किंग मामले को लेकर यह जानकारी दी और कहा कि दिल्ली नगर निगम प्रशासन आरटीआई के माध्यम से भी जानकारी नहीं दे रहा है। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि इनको अभी तक नहीं पता की अवैध पार्किंग व अवैध विज्ञापन होर्डिंग कितने हैं। उन्होंने कहा कि महापौर संबंधित विभाग प्रमुख को तुरंत निलंबित करें और अवैध पार्किंग, अवैध विज्ञापन यूनिपोल, होर्डिंग पर सभी जोनल निरीक्षकों, अधिकारियों से 15 दिन में रिपोर्ट लेकर संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करें। पंचायत संघ का कहना है कि अवैध पार्किंग, यूनिपोल और विज्ञापन होर्डिग पर सीधे तौर से महापौर व निगम अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।


### गायक सुख-ई ने लाइव परफॉर्मेंस से कॉलेज में बांधा समां

नई दिल्ली। सिंगिंग सेंसेशन सुक्खी उर्फ सुख-ई की लाइव परफॉर्मेंस के साथ आईपी यूनिवर्सिटी से संबद्ध एमईआरआई (मेरी) कॉलेज के तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का धमाकेदार समापन हुआ। सभी संगीत प्रेमियों को सुख-ई के लाइव परफॉर्मेंस का इंतजार था और उन्होंने किसी को निराश भी नहीं किया। उनकी परफॉर्मेंस के दौरान पूरी ऑडियंस ने खूब इंजॉय किया। इससे सांस्कृतिक उत्सव की सफलता में चार चांद लग गए। कार्यक्रम में सुख-ई ने अपनी आवाज के जादू से दर्शक दीर्घा में मौजूद युवा सहित सभी ऑडियंस पर अमिट छाप छोड़ी। दरअसल सुख-ई का लाइव प्रदर्शन एमईआरआई कॉलेज के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का महत्वपूर्ण आकर्षण था, जिसने कार्यक्रम की सफलता में चार चांद लगा दिया। इसके अलावा उत्सव के दूसरे दिन स्टैंड-अप कॉमेडियन रजत चौहान ने अपनी कॉमेडी से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने युवाओं और बुजुर्गों दोनों का मनोरंजन किया।

### दिल्ली में अधिकतम पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज

# मौसम फिर लेगा करवट, बादलों के बावजूद पारा जा सकता है 37 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली वालों के लिए इन दिनों मौसम कई रूप दिखा रहा है। ऐसे में शनिवार-रविवार को गर्मी से मिली राहत अब एक बार फिर पसीने पसीने करने वाली है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी है कि मंगलवार से दिल्ली में सूरज के तेवर कड़े होने जा रहे है। जिसके चलते बादलों के जमावड़े के बावजूद पारा 37 डिग्री से अधिक हो सकता है। यानी कहा जा सकता है कि अब दिल्ली वालों को भीषण गर्मी के लिए तैयार रहना चाहिए। हालांकि मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि बीच बीच में मामूली राहत भी मिल सकती है। रविवार को दिल्ली में अधिकतम पारा 35.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रहा। सुबह के समय दिल्ली के कई क्षेत्रों में तेज हवाएं चली और आसमान पर बादल भी नजर आए। दोपहर के समय भी मौसम ने करवट ली और ऐसा लगा जैसे बारिश हो सकती है। लेकिन कुछ समय बाद आसमान पर पुन सूरज चमकने लगा।

### राम राज की स्थापना को आगे बढ़ाना हम सनातनियों का कर्तव्य : प्रज्ञानंद

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने जिस प्रकार देश में राम राज की स्थापना की है अब उसे आगे बढ़ाना हम सभी सनातनियों का कर्तव्य है। दिल्ली के रोहिणी में रविवार को 108 कुंड श्री श्याम महायज्ञ के आयोजन कार्यक्रम के दौरान महामण्डलेश्वर स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती ने यह बातें कही। उन्होंने कहा कि हमें आज ज्योतिष पीठ और शारदा पीठ की जिम्मेदारी मिली है, उसका ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। बता दें कि दिल्ली के रोहिणी में रविवार को 108 कुंड श्री श्याम महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें एक ही दिन में सवा करोड़ आहुतियां डाली गई और साथ ही महामण्डलेश्वर स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती को ज्योतिष पीठ और द्वारका शारदा पीठ शंकराचार्य पद के लिए भव्य पट्टा अभिषेक किया गया। इस मौके पर सनातन धर्म के कई जाने माने साधु संतों सहित उत्तर पश्चिम लोकसभा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया, भाजपा विधायक विजेन्द्र गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, जय किशन गुप्ता एवं अनिल गुप्ता, जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, रविन्द्र गुप्ता, प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता एवं कपिल देव गर्ग सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजसेवी शामिल हुए।

## पूर्व सीएम शीला की जयंती पर दिल्ली कांग्रेस ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 15 साल शासन करने वाली मुख्यमंत्री स्वं. शीला दीक्षित की 81वीं जयंती के अवसर पर 31 मार्च 2024 को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उनको याद किया और आधुनिक दिल्ली की निर्माता बताया। शीला की जयंती के अवसर पर दिल्ली कांग्रेस ने उनके कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को जनता के सामने रखा। प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने स्व. शीला के बारे में कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में राजधानी को विश्व पटल पर नई पहचान देने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि दिल्ली की लगातार 15 सालों तक मुख्यमंत्री रहीं शीला दीक्षित को देश की राजधानी की सूरत बदलने का श्रेय जाता है, उन्हें आधुनिक दिल्ली का शिल्पकार भी कहा जाता है।

स्व. शीला दीक्षित 1998 से 2013 तक लगातार 15 सालों तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं। इस दौरान उन्होंने राजधानी में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया। दिल्ली में जगह-जगह फ्लाईओवरों का जाल उन्हीं की देन है। उनके कार्यकाल में दिल्ली में करीब 70 फ्लाईओवर का निर्माण हुआ।

